

# लोकसभा सांसदों की 30 प्रतिशत सांसद निधि खर्च होने को शेष

काशीपुर। **संवाददाता**

16वीं लोकसभा के सांसदों का कार्यकाल समाप्त होने को है लेकिन 31 मार्च 2019 तक उनकी लगभग एक तिहाई सांसद निधि खर्च नहीं हो सकी। इतना ही नहीं 18 प्रतिशत सांसद निधि भारत सरकार से सांसदों के खर्च सम्बन्धी प्रमाण, ऑडिट रिपोर्ट आदि न प्राप्त होने के कारण जारी नही हुई है। यह खुलासा सूचना अधिकार के अन्तर्गत संख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने सांसद निधि ा जारी करने वाले नोडल मंत्रालय संख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय से वर्तमान सांसद को सांसद निधि जारी करने व खर्च करने की

## पीएम मोदी की 36, राहुल गांधी की 32 प्रतिशत खर्च होने को शेष

सूचना मांगी। इसके उत्तर में उपसचिव एवं केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी राज क्रिशन भोरिया ने अपने पत्रांक 11011 दिनांक 20—02—2019 से वांछित सूचनाओं को एम्पीलेडस वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक का विवरण उपलब्ध कराया है। इस लिंक से अप्रैल 2019 के प्रारम्भ में सूचना डाउनलोड करने पर 30 प्रतिशत सांसद निधि खर्च न हो पाने का खुलासा हुआ है।

नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाराणसी सांसद के रूप में 25 करोड़ की सांसद निधि में से 17.5 करोड़ की सांसद निधि जारी हुई है। वर्ष 2017—18 की दूसरी किस्त ऑडिट रिपोर्ट गलत प्राप्त होने के कारण नहीं जारी हुई उसमें से भी 1.48 करोड़ की सांसद निधि खर्च नहीं हो सकी है। कुल जारी नहीं हुई सांसद निधि को जोड़कर 36 प्रतिशत कुल 8.98 करोड़ की सांसद निधि खर्च नहीं हुई है।

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भी अमेठी सांसद के रूप में उन्हें उपलब्ध 25 करोड़ की सांसद निधि में से 17.5 करोड़ की सांसद निधि जारी हुई है जिसमें से 0.45 करोड़ की सांसद निधि खर्च नहीं हो सकी। जारी हुई सांसद निधि को जोड़कर 32 प्रतिशत कुल 7.95 करोड़ की सांसद निधि खर्च नहीं हुई है। उन्हें 2017—18 की दूसरी किस्त न जारी होने के कारण ऑडिट रिपोर्ट व एम.पी.आर. प्रमाण प्राप्त न होना लिखा है।

## उत्तराखंड 25 वें स्थान पर

उत्तराखंड के सांसदों की कुल 125 करोड़ की सांसद निधि में 45 करोड़ सांसद निधि जारी नहीं हुई है तथा 14.94 करोड़ की खर्च नहीं हुई है। गढ़वाल सांसद भुवन चन्द्र खंडूरी की 72 प्रतिशत, हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक की 32 प्रतिशत, अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा की 67 प्रतिशत, नैनीताल सांसद भगत सिंह कोश्यारी की 27 प्रतिशत तथा टिहरी सांसद माला राजलक्ष्मी की 43 प्रतिशत सांसद निधि खर्च नहीं हो सकी।

## सांसद निधि खर्च होने में नागालैंड प्रथम, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ चौथे

नदीम को उपलब्ध सूचना के विश्लेषण से स्पष्ट है कि देश भर में केवल 3 सांसद ऐसे है जिनकी शत प्रतिशत सांसद निधि खर्च हुई है जिसमें नागालैंड के नायफियो रिओ, हिमाचल प्रदेश से मण्डी सांसद राम स्वरूप शर्मा तमिलनाडू से चेन्नई वेस्ट सांसद टी.जी. वेंकटेश बाबू शामिल है। देश में 11 लोकसभा सांसद ऐसे भी है जिनकी सांसद निधि का अभी तक के कार्यकाल में एक प्रतिशत ध ान भी खर्च नहीं हो सका है तथा 100 प्रतिशत खर्च होने को शेष है। सर्वाधिक खर्च वाले राज्यों में प्रथम नागालैंड की केवल 10 प्रतिशत सांसद निधि खर्च होने को शेष है इसके बाद दूसरे स्थान पर मणिपुर की 12 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम की 14—14 प्रतिशत, चौथे स्थान पर अण्डमान निकोबार, चण्डीगढ़, हिमाचल प्रदेश की 15—15 प्रतिशत, पांचवें स्थान पर छत्तीसगढ़ की 18 प्रतिशत।

## सुपरफास्ट खबरें

### बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिरने से जेई की मौत

**संवाददाता** उत्तरकाशी। जोशियाड़ा—बैराज के समीप साइट पर जा रहे जल विद्युत निगम के अवर अभियंता की बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिरी। घायल अवर अभियंता की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जल विद्युत निगम जोशियाड़ा बैराज के ईई शिवदास ने बताया कि बैराज के निकट जल विद्युत निगम का कार्य चल रहा है।

### अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद किया

**संवाददाता** रानीखेत। लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू होते ही पुलिस की सक्रियता और बढ़ गई है। हालिया मादक पदार्थो की तस्करी के सर्वाधिक मामले पकड़े जाने के बाद अब सल्ट पुलिस ने सराईखेत कस्बे में छापा मार एक जनरल स्टोर से अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद किया है। अलग अलग ब्रांड की लगभग 180 पेटियां जब्त कर कोतवाली ले आई गई हैं।

### शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस ने पूरी तरह कमर कसी

**संवाददाता** बागेश्वर। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस ने पूरी तरह कमर कस ली है। बैरियर लगाकर एक—एक वाहन चेक कर रही है। हालांकि अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं, शराब के अलावा नकदी आदि अभी तक नहीं पकड़ी जा सकी है। कोतवाली से लेकर सभी थानों में चेकिग अभियान तेज हो गया है। पुलिस की टीम बाहर से आए जवानों के साथ रूटीन चेकिग में जुट गई है। प्रत्येक वाहन पुलिस की निगाह से होकर गुजर रहे हैं। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को कड़े दिशा—निर्देश दिए हैं।

### दोबारा एडमिशन फीस लिए जाने पर अभिभावकों ने आक्रोश

**संवाददाता** गोपेश्वर। जिला मुख्यालय में संचालित श्री गुरु रामराय पब्लिक स्कूल में दोबारा एडमिशन फीस लिए जाने पर अभिभावकों ने आक्रोश जताया है। इस संबंध में जिलाधिकारी व शिक्षामंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायती पत्र में अभिभावकों का कहना है कि इस विद्यालय में नए शिक्षा सत्र में उन विद्यार्थियों से दोबारा एडमिशन फीस ली जा रही है, जो पहले से ही उसी विद्यालय में अध्ययनरत हैं।

## अगस्त्यमुनि पहुंचे सीएम रावत ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनता से की वोट की अपील

# राहुल जहां जाते हैं वहां होती है कांग्रेस की हार

रुद्रप्रयाग। **संवाददाता**

जनपद के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने अनूठी पहल की है। मुख्य बाजार में स्कूली बच्चों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिये अनेक प्रकार के लोकत्रांतिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों के इस प्रकार के कार्यक्रम में मतदाताओं ने भी बढ़—चढ़कर भाग लिया। प्रशासन की मुहीम पर आयोजित फ्लैश मॉब डांस में बच्चों के साथ मतदाताओं ने भाग लिया।

दरअसल, उत्तराखण्ड में लोकसभा चुनाव संपंन होने में




जनता को संबोधित करते सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत।

अब महज पांच दिन का समय शेष रह गया है। जहां पार्टी प्रत्याशियों का प्रचार—प्रसार अभियान तेज गति पकड़ रहा है। वहीं प्रशासन भी मतदाताओं को जागरूक करने में पीछे नहीं है। कभी प्रशासन की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिये केंडिल मार्च निकाला जा रहा है तो कभी बच्चों छोटे—छोटे बच्चों के जरिये मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

शुक्रवार को जिला प्रशासन की मुहीम पर जिला मुख्यालय के बच्चों ने निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया। इस दौरान छात्र—छात्राओं ने विभिन्न लोकत्रांतिक गीतों के माध्यम से नृत्य के जरिये मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रेरित किया।

इस प्रकार के कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक कराना था। स्वीप टीम द्वारा वोटिंग प्रतिशत को बढाने के लिए गढवाली भाषा में गीत तैयार किए गए, जिससे अधिक से अधिक लोग मतदान करें।

स्वीप टीम द्वारा तैयार गीतों पर भावी मतदाताओं ने फ्लैश मॉब डांस कर लोगों को जागरूक किया। डांस के दौरान छात्र—छात्राओं ने मदमस्त होकर नृत्य किया।

## प्रो. महावीर अग्रवाल राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

**संवाददाता** हरिद्वार। भारत की राजधनी देहली में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार के पूर्व कुलपति एवं वर्त्तमान में योगर्षि स्वामी रामदेव के विश्वप्रसिद्ध पतंजलि विवि के प्रति—कुलपति, अर्न्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैदिक विद्वान् प्रो. महावीर अग्रवाल, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मनित किये गये।

राष्ट्रपति की ओर से भारतीय गणराज्य के उपराष्ट्रपति वैंकया नायडू ने यह पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया। संस्कृत जगत् में अत्यन्त लोकप्रिय एवं सम्मनित प्रो. महावीर अनेक गरिमापूर्ण पदों को विभूषित कर चुके हैं। गुरुकुल कांगड़ी वि श्वविद्यालय में संस्कृ त विभागाध्यक्ष, प्राच्यविद्या संकायाध्यक्ष, कुलसचिव, आचार्य एवं उपकुलपति आदि दायित्त्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहण करने वाले डॉ. महावीर, उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी के उपाध्यक्ष के रूप में भी संस्कृत सेवा कर चुके हैं। सैकड़ो शोध् पत्रा राष्ट्रिय, अर्न्तराष्ट्रीय शोध् पात्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।

# सखी बूथों में सभी कार्मिक महिलायें होंगी

अल्मोड़ा। **संवाददाता**

■रिर्जव पोलिंग पार्टियों सहित 50 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया

लोक सामान्य चुनाव को सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद स्थित 06 विधानसभा क्षेत्रों के लिये मतदान हेतु सखी बूथ बनाये गये है। इन सखी बूथों में समस्त कार्मिक महिलायें होगीं। जिनमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय शामिल है। यह सखी बूथ विधानसभा अल्मोड़ा में कैन्ट कार्यालय, रानीखेत में प्राथमिक विद्यालय कैन्ट, द्वाराहाट में द्वाराहाट इण्टर कालेज, सल्ट में प्राथमिक विद्यालय खुमाड़, सोमेश्वर में राजकीय इण्टर कालेज सोमेश्वर व जागेश्वर में प्राथमिक विद्यालय चायखान को सखी बूथ हेतु चयनित किया गया है।

सखी बूथ में नियुक्त महिला कार्मिको को आज कलेक्ट्रेट स्थित बहुउद्देशीय सभागार में ईवीएम एवं वी0वी0 पैट का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी प्रशिक्षण नरेश कुमार एवं जगमोहन सोनी ने कार्मिको को कहा कि 11 अप्रैल को मतदान किया जाना है जिसे शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिये सभी कार्मिको को प्रशिक्षण में दी जाने वाली जानकारियों को भलीभांति समझ लिया जाये। इसके अलावा उन्होने कहा कि पीठीसीन डायरी का अध्ययन ठीक प्रकार से कर ले इसी अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जाये।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरो द्वारा उपस्थित कार्मिको को विस्तारपूर्वक बताते हुये कहा कि ई0वी0एम0 के साथ प्रथम बार वी0वी0पैट का उपयोग किया जा रहा है। यह मशीन बेहद ही संवेदनशील है इसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित पोंलिग पार्टी की है। प्रशिक्षण में बताया गया कि ईवीएम व वीवीपैट को सही प्र्रकार से जॉच ले और निर्वाचन से सम्बन्धित सभी सामग्री को चौक लिस्ट से मिलान करते हुये निर्वाचन सामग्री प्राप्त कर ले।



विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी व एसएसपी।

## डीएम व एसएसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

हरिद्वार। **संवाददाता**

जिला निर्वाचन अधिकारी हरिद्वार दीपक रावत एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मजेय खण्डूरी ने धनपुरा,दल्लावाला में मतदान केन्द्र सहित हरिद्वार संसदीय क्षेत्र की 11 विधानसभाओं क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक रावत ने मतदान केन्द्रों पर महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग—अलग शौचालय, दिव्यांगों के लिए रैम्प, मतदान केन्द्र पर पेयजल, विद्युत आदि व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखने के निर्देश दिये।

जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दीपक रावत ने निर्देश दिये कि मतदान केन्द्र से 100 मीटर के अन्दर निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों, दलों के चुनाव चिन्ह, फोटो इत्यादि नहीं लगे होने चाहिए एवं मतदान दिवस पर राजनीतिक गतिविधियां मतदान केन्द्र से 200 मीटर के बाद संचालित होगी।